दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 03
अंकः-355
मुरादाबाद
19 April 2024
(Friday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## मेरठ के सिसौली में गरजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंच से बताई अरूण गोविल को लाने की वजह

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेरठ में जनता को साधने पहुंचे। उधर, अखिलेश यादव 20 अप्रैल को मेरठ आएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज किठौर विधानसभा क्षेत्र के सिसौली में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे हेलिकॉप्टर से सिसौली इंटर कॉलेज के मैदान में बने हेलीपैड पर उतरेंगे। तीन बजे से उनकी सभा होगी। वे 50 मिनट तक जनसभा में रहेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री पिलखुवा जाएंगे। योगी आदित्यनाथ का जिले में




ये तीसरा दौरा है। इससे पहले वे मोदीपुरम में हुई प्रधानमंत्री की रैली में आए थे। इसके बाद सरधना में ठाकुर चौबीसी में रैली को संबोधित कर चुके हैं। गुरुवार को योगी किठौर विधानसभा क्षेत्र में ठाकुर बाहुल्य क्षेत्र सिसौली में आएंगे। ठाकुर समाज की कई जगह नाराजगी के चलते लगातार पश्चिम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभाएं कर रहे हैं। सिसौली में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा औघड़ नाथ और क्रांतिकारियों की धरा और शहीद अनिल तोमर को नमन करता हूं। श्री राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को भी नहीं पता था कि रामलला इस बार अपना जन्मोत्सव मनाएंगे। जो आपने 22 जनवरी में देखा है, जो आपने 2020 में देखा। कल अयोध्या में 15 लाख से ज्यादा लोग आए। क्या कांग्रेस और सपा के लोग ये कर पाते। इसीलिए अरूण गोविल को लाए हैं। 1857 में धन सिंह कोतवाल ने स्वतंत्रता की अलख जगाए। तेरा वैभव अमर रहे मां। वे अपने या परिवार के लिए नहीं जिए उनका जीवन देश के लिए था।मेरठ से दिल्ली तक एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत मेरठ का खेल उद्योग दुनिया ने नाम कमा रहा है। 1947 में पाकिस्तान अलग हुआ तो संख्या कम थी लेकिन क्षेत्रफल पाकिस्तान का ज्यादा था। आज भारत में 80 करोड़ लोगों को निशुल्क अन्न मिल रहा है और पाकिस्तान के 22करोड़ लोग भूखे मर रहे हैं।60 करोड़ गरीबों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया है। 12 करोड़ किसानों को पीएम निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय दिए हैं। ये सभी कार्य प्रधानमंत्री के नेतत्व में हुए हैं। कश्मीर में 370 क्या सपा बसपा कांग्रेस खत्म कर पाते। अयोध्या में राम मंदिर का सपना बसपा सपा कर पाते है। पहले यहां दंगे होते थे। आज यहां बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं। भाजपा आस्था का भी सम्मान करती है, महिलाओं को सुरक्षा देती है, नौजवानों को रोजगार भी देती है। देश में विकास कार्य करती है। देश को विकसित बनाने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश चाहिए, आत्मनिर्भर मेरठ चाहिए। मेरठ की बेटी पारुल चौधरी ने चीन में मेडल जीता हमने उनको सीधे डीएसपी बनाया। अरुण गोविल मेरठ के सांसद होंगे तो फ्री मे विज्ञापन करके मेरठ का नाम आगे बढ़ाएंगे। हमें विकसित भारत चाहिए, देश के बारे में भी सोचेगा जिसके लिए देश प्राथमिकता है। जिन लोगों के लिए परिवार महत्वपूर्ण है वे सपा बसपा कांग्रेस की बात करेंगे, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है, वे भाजपा को जिताएंगे, जिसने कल भगवान सूर्य का तिलक देखा होगा, वो कहेंगे जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। अरुण गोविल बनकर घर घर जाकर वोट मांगिए। चुनाव में प्रत्याशी से घर घर जाने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं, इसलिए मोदी जी के प्रतिनिधित्व बनकर घर घर जाना है।

20 को होगी अखिलेश यादव की जनसभा-पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव की 20 अप्रैल (शनिवार) को जनसभा करेंगे। रैली स्थल हापुड़ रोड के नजदीक बिजली बंबा बाईपास के पास है। अखिलेश लखनऊ से हिंडन एयरपोर्ट आएंगे। वहां से दोपहर 12:10 बजे रैली स्थल पर पहुंचेंगे। एक घंटे रैली में रहेंगे। दोपहर 1:10 बजे यहां से अमरोहा निकल जाएंगे। अखिलेश यादव मुजफ्फरनगर और बिजनौर में जनसभा कर चुके हैं। मेरठ के बहसूमा में भी 13 अप्रैल को अखिलेश यादव आए थे। हालांकि, उन्होंने जनसभा अभी मेरठ में नहीं की है। यहां यह उनकी पहली जनसभा होगी।

## यह चुनाव संविधान को बचाने की लड़ाई, आप पर बड़ी जिम्मेदारी, राहुल गांधी का कार्यकर्ताओं को संदेश



मतदान के एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को वीडियो संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है, इसलिए आप सभी पर बड़ी जिम्मेदारी है।लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान का चुनाव प्रचार थम गया है। सभी पार्टियों ने पहले चरण के चुनाव के जी-जान लगाकर चुनाव प्रचार किया। मतदान के एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को वीडियो संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है, इसलिए आप सभी पर बड़ी जिम्मेदारी है।19 अप्रैल को देश में लोकसभा का पहले चरण का मतदान होना है। पहले चरण के मतदान के लिए सभी पार्टी ने अपने-अपने क्षेत्र में जमकर चुनाव प्रचार किया। एक-दूसरे की पार्टी पर जमकर बयानबाजी की। पार्टी के घोषणापत्रों पर भी खूब मीन-मेख निकाले गए। पहले चरण का चुनाव प्रचार थम चुका है। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए एक वीडियो संदेश भेजा है। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने सभी को कहा कि यह चुनाव का समय है, तो जरूरी है आपसे सीधे बात की जाए। यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ताओं पर बढ़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं कहा कि आप सभी में दिल और दिमाग में पार्टी की विचारधारा बसी हुई है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा, आरएसएस भारत के लोकतांत्रिक विचार के खिलाफ है। भाजपा लोकतांत्रिक ढ़ांचों पर रही वार-राहुल गांधी ने यह भी कहा कि भाजपा का वार लोकतांत्रिक ढांचों का कमजोर कर रहा है। सभी उन्होंने कहा कि हमारी कानूनी ढांचे, चुनाव आयोग सहित सभी लोकतांत्रिक संस्थानों को आरएसएस, भाजपा से बचाने की आवश्यकता है। जनता की भाजपा से रक्षा करेगी कांग्रेस-पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़कों पर, गांवों में हर जगह आरएसएस की विचारधारा वाले लोगों के खिलाफ लड़ते आए हैं। क्योंकि आप सभी रक्षक हैं। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि इस बार कांग्रेस भाजपा और उसकी विचारधारा को हराएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि देश की जनता को यह जानना चाहिए कि भाजपा उन पर किस तरह वार कर रही है। जयराम नरेश ने एक्स पर राहुल का वीडियो देखने का किया अनुरोध-कांग्रेस के महासचिव ने एक्स पर एक पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने राहुल गांधी का वीडियो संदेश सभी का देखने का अनुरोध करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राहुल का संदेश देखना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार मोदी सरकार का जाना तय है। बस 4 जून का इंतजार है।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी की शोभा यात्रा पर पथराव, चार घायल; ममता बनर्जी बोलीं- भाजपा राज्य में हिंसा फैला रही

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल के पूर्व मिदनापुर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव में चार लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब रामनवमी शोभायात्रा बुधवार की रात 9:10 बजे इगरा के कॉलेज मोड़ से गुजर रही थी, तब कुछ लोगों ने इस पर पथराव किया। फिलहाल इस मामले में चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले मुर्शिदाबाद में भी रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने कहा, 卐इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।卐 भाजपा नेता और मिदनापुर से पार्टी के उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने इस पथराव का विरोध करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। घटना सामने आई। शोभायात्रा पर छतों से पथराव होने से करीब 20 लोग घायल हुए हैं। रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव को लेकर भाजपा ने बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को घेरा।

## सीएम योगी ने हनुमत प्राण प्रतिष्ठा व रुद्र महायज्ञ का किया शुभारंभ, निकली शोभा यात्रा

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ का विधि विधान से शुभारंभ किया। प्रभु हनुमान की नव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 21 अप्रैल को होगी जबकि रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अप्रैल को होगी। इस दौरान आज से पूर्णाहुति तक विविध प्रकार के पूजन, अधिवास व अनुष्ठान के कार्यक्रम चलते रहेंगे।18 अप्रैल, गुरुवार से 22 अप्रैल तक होने वाले रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य दरवाजे पर पूजन करते हुए मंडप प्रवेश किया। इसके बाद वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच वेदी का पूजन हुआ। हनुमत प्राण प्रतिष्ठा 22 अप्रैल को देवालय में की



जाएगी।यज्ञ गुरुवार शाम से ही शुरू हो जाएगा। इसके पहले गाजे बाजे के साथ गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ की अगुवाई में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजन के बीच भीम सरोवर से यज्ञ कलश में जल भरा। भीम सरोवर की परिक्रमा करने के बाद कलश यात्रा यज्ञशाला पहुंची जहां विभिन्न स्थलों पर यज्ञ कलश को विराजमान करवाया गया। यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमान संभालते हुए मुख्य दरवाजे पर पूजा अर्चना के बाद यज्ञशाला के मंडप में प्रवेश किया। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में आज पंचांग पूजन किया गया। इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, रामानुज त्रिपाठी, डॉ. रंगनाथ त्रिपाठी, अश्वनी त्रिपाठी, अरविंद चतुर्वेदी, रोहित मिश्र, बृजेश मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्रांगेश मिश्र, अभिषेक पांडेय, डॉ. हृदय नारायण शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## रामनवमी शोभायात्रा में झड़प की घटना को लेकर TMC पर भड़का विपक्ष, राज्यपाल को चिट्ठी लिख NIA जांच की मांग

शोभायात्रा पर छतों से पथराव होने से करीब 20 लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद इलाके में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। वहीं, जिले के शक्तिपुर इलाके में हुए विस्फोट में एक महिला घायल हो गई। इन सब घटनाओं को लेकर विपक्ष भड़क गया है।पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बुधवार को दौरान झड़प होने की गर्मा गई है। इन घटनाओं मौजूदा टीएमसी सरकार लगाया है कि पुलिस ने है। वहीं, विपक्ष के नेता राज्यपाल को चिट्ठी की मांग की है। गौरतलब



रामनवमी शोभायात्रा के घटनाओं पर सियासत पर भाजपा लगातार को घेर रही है। उसने आरोप बदमाशों का साथ दिया सुवेंदू अधिकारी ने लिखकर एनआईए जांच है, शोभायात्रा पर छतों से पथराव होने से करीब 20 लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद, इलाके में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। वहीं, जिले के शक्तिपुर इलाके में हुए विस्फोट में एक महिला घायल हो गई। पुलिस अभी तक यह पता नहीं लगा पाई है कि यह बम विस्फोट था या विस्फोट अन्य कारणों से हुआ। राष्ट्रीय जांच एजेंसी से जांच कराएं- भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को पत्र लिखकर मुर्शिदाबाद के रेजिनगर इलाके में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई झड़पों की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल से कानून व्यवस्था पर दखल देने का अनुरोध किया है।

## सपा ने तीसरे चरण के चुनाव के लिए जारी की स्टार प्रचारकों की सूची, मायावती सहित ये नेता करेंगे प्रचार

बसपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के प्रचार के चरण का मतदान 7 मई को होगा।बसपा ने लोकसभा चुनाव कर दी है। इस चरण में पार्टी सुप्रीमो मायावती, महासचिव प्रचार करेंगे। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। स्टार सतीश चंद्र मिश्रा 4. विश्वनाथ पाल 5. मुनकाद अली 6. उमा सूरज सिंह जाटव 10. गोरेलाल जाटव 11. हेमंत प्रताप सिंह 12. रविंद्र पारस 16. रणविजय सिंह 17. विजय सिंह 18. हरपाल कातिब 22. ब्रह्मस्वरूप सागर 23. रवि मौर्या 24. लक्ष्मी नारायण दिनेश बघेल 28. रणवीर सिंह कश्यप 29. महेश चौधरी 30.



लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। तीसरे के तीसरे चरण के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी आकाश आनंद, सतीश चंद्र मिश्रा सहित 40 नेता चुनाव प्रचारकों की सूची- 1. मायावती 2. आकाश आनंद 3. शंकर सिंह 7. राजकुमार गौतम 8. समसुद्दीन राईन 9. संतोष आनंद 13. प्रताप सिंह बघेल 14. ज्ञान सिंह 15. सिंह 19. संसार सिंह 20. जाफर मलिक 21. ओमकार सागर 25. अशोक सिंह एड. 26. ब्रिजेंद्र सिंह विक्रम 27. कुलदीप नारायण उर्फ दीपक पेंटर31. मनीष सागर 32. बबलू सिंह गोल्डी राठौर 33. राजीव कुमार सिंह 34. आर. पी. त्यागी 35. बलवीर सिंह शाक्य 36. प्रेमचंद शाक्य 37. बृजेश शाक्य 38. विमल वर्मा 39. बनी सिंह 40. जितेंद्र सिंह एड.

## संपादकीय Editorial

### Mayawati's 'separate state'

BSP chief Mayawati has raised the issue of making Western Uttar Pradesh a separate, autonomous state during the election campaign. Even when Mayawati was the Chief Minister of Uttar Pradesh during 2007-12, she was vocal on this issue. Under the former Prime Minister of the country Chaudhary Charan Singh and even after him, movements and campaigns were launched to make this area a state called 'Green Pradesh'. 'Harit Pradesh' was one of the important issues of Rashtriya Lok Dal. Since Western Uttar Pradesh is an area with majority population of Jats, farmers and Gurjars, whose basic occupation is agriculture, there was repeated talk of naming it 'Green Pradesh', but now the issue raised by Mayawati has lost its emotional significance as 'Green Pradesh'. It is more political and electoral rather than connected to it. There are no chances that BSP will get any big advantage in the general elections in 2024, because Mayawati is not that active politically. It is not easy to create a new, separate state by reorganizing a land or area. For a separate state, it is very essential to have culture, language and people's movement. The process of reorganization of states on linguistic basis started in 1953, when the process of making Andhra Pradesh the first linguistic state was started. The new state of 'Andhra Pradesh' was reorganized by separating parts of the erstwhile Mysore State and Madras State. In 2013–14, Andhra Pradesh was divided and a new, separate state of 'Telangana' was created. The States Reorganization Commission is an institution of the Government of India, which carries out the process of forming a new, separate state. The Commission also settles various disputes between states.

Political support alone is not enough to create a separate state, the aim is not to establish an independent administrative unit, but language and culture are important factors. The problems were not solved only after Andhra Pradesh was made a separate state on linguistic basis. The States Reorganization Commission conducted a comprehensive study of this issue and concluded in 1955 that linguistic was the strongest basis for creating a separate state. The state is not just an administrative unit, a separate, independent government, there the process and functioning of democratic institutions should also be emotional. Language can be the appropriate answer in this context. There is also the question of the effects of administration. Sometimes effectiveness is also determined by the size of the administrative unit. About two and a half decades ago, 'Harit Pradesh' was the most important issue of RLD. Not today. During this period, demands for separate states on the basis of linguistic basis and regional history and culture started becoming vocal. As a result the states of Jharkhand, Uttarakhand, Chhattisgarh were created. Their original states - Bihar, Uttar Pradesh and Madhya Pradesh were such huge states that despite partition, the demands for some more separate states kept echoing. A report by the Parliamentary Committee on Housing and Urban Affairs estimated that urban India's share in national GDP is 65 per cent, so urban dominance could change the political dimensions and dynamics in the state. Autonomous control over the taxes received by the state government will also be determined by this supremacy. The issue of Western Uttar Pradesh will be of a relatively economically weaker area.Telangana was also a farming region, which had its own economic differences. Many such differences with Andhra Pradesh have not been resolved even today, but Telangana has control over Hyderabad, this is very important. In 2021-22, Telangana got about 79 percent of its revenue from its own tax collection, while Andhra Pradesh could get only 50 percent.

# Climate change: The heat on the poor should be an issue, discussion on it is very important

Extreme heat has different impacts on people in a country with deep inequalities. But there is no discussion among the politicians on what will be done for the poor who have to work outside in the scorching heat. As the elections in the world's largest democracy are approaching, the political temperature is rising. At the same time, extreme heat is also engulfing a large part of India. But surprisingly, climate change is not mentioned among the issues being debated by politicians. it's embarrassing. Due to climate change, extreme heat and erratic weather events are affecting every part and region of the country. Extreme heat affects the health and well-being of all sections of people, especially women, children and the elderly. Able working adults – farmers, construction workers, cobblers, street vendors, delivery boys – are also affected and this has a cascading effect on the economy, agriculture, food, nutrition etc. While every political party talks about the poor during the election season, how many politicians publicly admit that while heat affects everyone, it does not affect everyone equally. Millions of the country's poor, who are part of our informal economy, do not live in air-conditioned homes or lush green areas with adequate greenery. They cannot stay indoors, as is recommended when the heat rises, or drink ice-cold water or stay in the shade for long periods of time. They work outside homes. Extreme heat has different impacts on people in a country with deep inequalities. But there is no discussion among politicians on what will be done for the poor who have to work outside in the scorching heat. Recently, climate campaigner Avinash Chanchal exposed some harsh truths on Twitter. According to National Crime Records Bureau (NCRB) data, there were 530 deaths due to heat in the year 2020, 374 deaths in the year 2021 and 730 deaths in the year 2022. Still, as Chanchal further pointed out, the heat wave is not a national disaster. Although there are heat action plans in our country, there is no special fund from the central government for services related to it. It is believed that the number of deaths due to heat wave in the country could be much higher, because information about many such deaths is not recorded due to various reasons. NCRB has published information of 8,060 deaths under the heading 'Accidents due to natural causes', out of which 35.8 percent deaths are due to lightning, 9.1 percent deaths are due to heat wave or extreme heat and 8.9 percent deaths are due to cold. Are these accidental deaths caused by accidents or are these avoidable deaths? Could these people have been saved? Deaths due to extreme heat or heat wave are not just statistics. They were real people, who had families. What's more, heat-related deaths don't tell the whole story, because extreme heat can complicate other health problems even if it doesn't result in death. The seriousness of the situation can be gauged from the fact that this year the Indian Meteorological Department (IMD) had issued a warning on April 1 itself. The warning issued by IMD shows the rising temperatures this summer, due to which there is a deadly heat wave situation in many areas. Recently IMD has launched Heat Index, which provides information about the effect of humidity on high temperatures and thus makes humans feel such temperatures, which is seen as a sign of discomfort for humans. . This underlines the need for extra care to minimize discomfort. But it is also important to understand that not all areas within the same city feel the heat equally. The environment in areas where there are many trees and greenery feels cooler, as compared to areas where there are less trees and more buildings. Elderly people and small children suffering from various health problems are more likely to fall ill when the heat increases, despite not being exposed to direct sunlight. It is not always safe to stay inside if the houses do not have ventilation, the structure of the house is weak and the availability of clean drinking water is not good. For people who get heatstroke, it's important to know what makes them vulnerable and what happens when the heart pumps harder to keep the body cool in response to the heat. When people feel heatstroke, people start sweating and the body starts losing water rapidly and in such a situation, the heart, lungs and kidneys may start getting damaged. In such a situation, imagine what happens to those people who live in places where there is no electricity for long periods, who do not have backup inverters and who cannot afford air conditioners. Air cooler also does not work in humid areas. Even if the temperature in an area is below 40 degrees Celsius, the health risk will depend on the humidity there. High humidity prevents sweat from escaping and prevents the body from cooling down. Due to this, the risk of heat stroke may be higher than in places with low humidity. Many Indian cities and states have heat action plans. First in 2013 The initiative was taken by the Hamdabad Municipal Corporation and its partners after the devastating heat wave of 2010, in which more than 1,344 people died. Many Indian cities have since prepared their own Heat Action Plan, which acts as an early warning system. But the poor need support and medical care when needed to cope with extreme heat waves; warning systems alone will not suffice.

# Society: Why are we becoming alone, this 'poverty' of later times is very painful.

Presently hedonism is at its peak. I, me, mine and my life is in fashion. Adjustment is looked down upon. Disobedience and disrespect or debate are considered modern. We were taught in schools that man is a social animal. We remained living beings, but became very artificial, materialistic and self-centered. The culprit for this can be technology, greed and impatience or a combination of all three. Joint families became nuclear and then compact families. Joint family had a different status and advantage, where there was a strong support system and emotional bond. The elders had wisdom to impart to the family. When the youth of thirty-forty years shared their energy, the laughter and innocence of the children spread joy in the family. Presently, hedonism is at its peak. I, me, mine and my life is in fashion. Adjustment is looked down upon. Disobedience and disrespect or debate are considered modern. Children are going abroad. They don't have time for parents. Some have started living in other cities of their own country, they also do not have time. Parents want to be connected to the kids, but the kids don't. Three-four decades ago, divorces were less common in India. The society did not accept this at all. People used to spend fifty years of married life together. But nowadays it is fashionable to say that we tried hard to save our marriage, but could not. It is argued that the marriage was mismatched. Mismatched marriages did occur earlier too, but every effort was made to reconcile them. The greed to earn more took our young couples to other countries or cities. But their parents were left alone in their native countries or towns. The idea of the nuclear family first came to the West, which gradually reached the East, where the joint family was the lifestyle. Young couples got their own freedom and a carefree life, but the emotional attachment they received from their parents was taken away. However, now the thinking of Americans is also changing and they want to live in joint families. Due to this, old age homes have increased in India. This should be seriously considered and subsidy should be given to those taking care of senior citizens. The very name of an old age home is scary. The whole life is spent in search of a better and brighter life. With increasing age, man becomes intelligent and emotional and sometimes becomes so emotional that he starts wondering for whom he earned all this. The biggest advantage of group living is that we are saved from loneliness. Western society is very lonely today. Loneliness is a great enemy. Senior citizens face this every day. They have plenty of wealth and knowledge, but no one to share it with. The society is going through a period of transition. The problems of different groups are also different. Mother Teresa said that the most terrible poverty is loneliness and the absence of the feeling of love. Abandoned by children or society, economically weak people wander for survival rather than shelter. It is a matter of satisfaction that NGOs and charitable organizations work for such people. Those who have money enjoy five-star luxury by paying for a comfortable life after retirement. There is also a trend that like-minded elders share a big house, which provides relief in expenses like electricity and rent. They can also take care of each other. Some men and women want to live alone. There are some who want each other's company but will not live together. Looking at it differently, it is a courtship to overcome loneliness. Half of the life of army or armed forces officers around the world is spent in the mess. In the army, there are messes according to the rank of officers. Eat meals with people of similar age. Hence we can refer to the housing units of senior citizens as hostels or messes. Japanese author Haruki Murakami has written that why do people have to be so lonely? What does it mean? Millions of people in this world are looking to others for their satisfaction, yet are isolating themselves. Why? Is this earth meant to remove man's loneliness? The society did not accept this at all. People used to spend fifty years of married life together. But nowadays it is fashionable to say that we tried hard to save our marriage, but could not. It is argued that the marriage was mismatched. Mismatched marriages did occur earlier too, but every effort was made to reconcile them. The greed to earn more took our young couples to other countries or cities. But their parents were left alone in their native countries or towns. The idea of the nuclear family first came to the West, which gradually reached the East, where the joint family was the lifestyle. Young couples got their own freedom and a carefree life, but the emotional attachment they received from their parents was taken away. However, now the thinking of Americans is also changing and they want to live in joint families. Due to this, old age homes have increased in India. This should be seriously considered and subsidy should be given to those taking care of senior citizens. The very name of an old age home is scary. The whole life is spent in search of a better and brighter life. With increasing age, man becomes intelligent and emotional and sometimes becomes so emotional that he starts wondering for whom he earned all this. The biggest advantage of group living is that we are saved from loneliness. Western society is very lonely today. Loneliness is a great enemy. Senior citizens face this every day. They have plenty of wealth and knowledge, but no one to share it with. The society is going through a period of transition. The problems of different groups are also different. Mother Teresa said that the most terrible poverty is loneliness and the absence of the feeling of love. Abandoned by children or society, economically weak people wander for survival rather than shelter. It is a matter of satisfaction that NGOs and charitable organizations work for such people.

# देश-संविधान, लोकतंत्र और युवाओं के भविष्य के लिए करें वोट, आज का चुनाव करो या मरो का है- रुचि वीरा



मुरादाबाद-यूपी लोकसभा की 8 सीटों पर चुनाव प्रचार पर विराम लग गया है। इन सभी सीटों पर पहले चरण यानी 19 अप्रैल को मतदाता अपने वोट की चोट से सांसद को संसद के मुख्य द्वार तक पहुंचाएंगे। जिन 8 सीटों पर चुनाव प्रचार खत्म हुआ है उनमें मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, कैराना, बिजनौर, नगीना, रामपुर पीलीभीत और मुरादाबाद शामिल है। मुरादाबाद में चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले ढ्ढह्लछ्ठढ्ढ गठबंधन से सपा के सिंबल पर लोकसभा चुनाव लड़ रही रुचि वीरा ने प्रेस कांफ्रेंस कॉल की। सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने कहा हम बहुत दमखम के साथ अपने प्रतिद्वंदी को टक्कर दे रहे हैं। इसी लिए हमारे और हमारे कार्यकर्ताओं और साथियों सहयोगियों पर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा मुकदमों से घबराएं नहीं ये चुनाव का हिस्सा है भले ही हमारा ज्यादा उत्पीड़न हो रहा है। रुचि वीरा ने आरोप लगाते हुए अंदेशा जाहिर किया की चुनाव के दौरान चुनाव को प्रभावित करने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा की अगर मतदान के दिन पोलिंग प्रतिशत प्रति घंटा के हिसाब से कम होता है तो बूथ पर मौजूद जिम्मेदार उच्च अधिकारी से बात कर शिकायत करें। रुचि वीरा ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कहा की जब आप वोट करें तो ज्यादा से ज्यादा अपनी आईडी/पहचान पत्र लेकर जाएं साथ ही जिस कैम्पस में आपको वोट करना है और आप वोट करने के लिए लेट हो गए हैं तो कोशिश करें की वोटिंग कैम्पस में 6 बजे से पहले जरूर दाखिल हो जाएं ताकि आप आसानी से वोट कर सकें भले ही आपको रात के 10 बज जाएं। रुचि वीरा ने कहा वोटिंग के दिन कोशिश करें की जल्द से जल्द वोट करें बेवजह सड़कों पर हाय हल्ला न करें।

अपने प्रत्याशी की मदद करें देश को बचाएं, संविधान को बचाएं, लोकतंत्र को बचाएं, आपसी भाईचारे को बचाएं, युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए वोट करना है। उन्होंने कहा आज का चुनाव करो या मरो का है गिनती उसी वोट की होगी जो डल जाएगा। उन्होंने कहा आपका वोट ढ्ढह्लछ्ठढ्ढ गठबंधन को मजबूत बनाएगा। रुचि वीरा ने कहा जिस तरह शिकारी का निशाना मछली की आंख पर होता है उसी तरह आप वोट करें।

# यूपी बोर्ड के स्कूलों में अब खुलेगा डिजिटल ज्ञान का भंडार

**◆ नया सवेरा योजना के अंतर्गत संस्कार, नैतिक शिक्षा और मूल्यों का पाठ पढ़ाया जाएगा**

मुरादाबाद-यूपी बोर्ड के विद्यालयों में नया सवेरा योजना के अंतर्गत संस्कार, नैतिक शिक्षा, मूल्यों का पाठ पढ़ाया जाएगा। डिजिटल ज्ञान का भी भंडार खुलेगा। डिजिटल लिट्रेसी को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक बच्चे की ई-मेल आईडी बनवाई जाएगी। इसके व्यावहारिक प्रयोग के बारे में उन्हें सिखाया जाएगा। सप्ताह में दो दिन शिक्षाधिकारी विद्यालयों की प्रात-कालीन सभा में पहुंचेंगे। वह बच्चों से कॅरिअर, नियमित दिनचर्या, अनुशासन व प्रासंगिक विषयों पर प्रेरक संवाद करेंगे। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यूपी बोर्ड ने शैक्षिक कैलेंडर जारी किया है। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे के अनुसार नए कैलेंडर के अनुसार अब प्रार्थना के दौरान 15 मिनट समय आरक्षित किया गया है। प्रार्थना के दौरान प्रतिदिन प्रासंगिक विषयों पर बच्चों को जानकारी देनी होगी। हैंड्स ऑन एक्टीविटीज एवं एक्सपीरियंस लर्निंग विधा को गणित एवं विज्ञान विषय में लागू करने के लिए सप्ताह में दो दिन निर्धारित किए जाएंगे। हर विद्यालय में लाइब्रेरी अनिवार्य है। बच्चों के विद्यालयों में ई-बुक्स उपलब्ध रहेगी। नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए स्कूल प्लान विकसित किया जाएगा। कॉन्वेंट विद्यालयों की तर्ज पर समर कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसमें बच्चों की रुचि के अनुसार उनको गीत, नृत्य, सिलाई, कढ़ाई, लेखन, चित्रकला, रंगोली, नाटक भी सिखाया जाएगा। छात्र-छात्राएं अपनी ईमेल आईडी पर देख सकेंगे यूपी बोर्ड का परिणाम- यूपी बोर्ड हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के छात्रों को परिणाम आने का इंतजार है। 25 अप्रैल को रिजल्ट आने की संभावना जताई जा रही है। इसी को लेकर कवायद चल रही है। पिछली बार की तरह ही इस बार भी माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा छात्र- छात्राओं की ई-मेल आईडी पर परिणाम भेजा जाएगा। जिन बच्चों की ई-मेल आईडी नहीं बनी हैं उनका रिजल्ट स्कूल प्रबंधन स्वयं बताएगा। नौ मार्च को यूपी बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद 31 मार्च तक कॉपियों का मूल्यांकन किया गया था। अब रिजल्ट जारी करने को लेकर तैयारी कर ली है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम 25 अप्रैल को आने की संभावना है।

इसी को लेकर स्कूलों और विभाग में तैयारी चल रही है। कि इस बार यूपी बोर्ड की परीक्षा 110 परीक्षा केंद्रों पर कराई गई थी। परीक्षा में हाईस्कूल इंटरमीडिएट के कुल 80,375 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें हाईस्कूल में 43,453 और इंटरमीडिएट में 36,922 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि पिछली बार की तरह इस बार भी बच्चों की ई-मेल आईडी पर परिणाम बोर्ड द्वारा भेजा जाएगा।

# मतदान केंद्र पर कार्मिकों के खाने की व्यवस्था करेंगी स्कूलों की रसोइयां

**मतदान केंद्रों पर इस तरह रहेगी व्यवस्था**

पोलिंग पार्टी पहुंचने के दिन 18 अप्रैल की शाम

| तारीख | समय | नाश्ता या भोजन | विवरण | दर (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 18 की शाम | 5 बजे | नाश्ता | चाय व बिस्किट | 15 |
| रात | 7 बजे | भोजन | पूड़ी/ रोटी, चावल, दाल, आलू मटर टमाटर की सब्जी और सलाद | 70 |
| 19 अप्रैल की सुबह | 6 बजे | चाय | केवल चाय | 10 |
| | 7 बजे | नाश्ता | चाय, पूड़ी-सब्जी (आलू-मटर) | 30 |
| दोपहर | 1 बजे | भोजन | रोटी-पूड़ी, दाल, चावल, सब्जी आलू, टमाटर, मटर, सलाद | 70 |
| अपराह्न | 3 बजे | चाय | केवल चाय | 10 |
| शाम | 5 बजे | नाश्ता | चाय, बिस्किट | 15 रुपये |

मुरादाबाद-लोकसभा चुनाव में मतदान कार्मिकों के पेट पूजा की व्यवस्था का जिम्मा बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों की रसोइयों (भोजनमाता) पर होगा। दस रुपये में चाय और 70 रुपये में भोजन की थाली मिलेगी। इसका नगद भुगतान कार्मिकों को तत्काल करना पड़ेगा। 18 अप्रैल की शाम बूथ पर पहुंचने पर कार्मिकों को नाश्ते में चाय व बिस्किट मिलेगा। जबकि रात के भोजन में पूड़ी/रोटी, चावल, दाल सब्जी दी जाएगी। लोकतंत्र के महापर्व में बेसिक शिक्षा विभाग भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। शिक्षाधिकारियों व शिक्षकों की जहां निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगी है। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बने बूथों पर भोजन व नाश्ते का प्रबंध रसोइयों के जिम्मे रहेगा। इन स्कूलों में बने बूथों पर मतदान कार्मिक 18 अप्रैल (गुरुवार) की शाम पहुंचेंगे। इनके पहुंचने पर नाश्ते में रसोइयों द्वारा बना चाय और बिस्किट का पैकेट दिया जाएगा। इसके बदले कार्मिकों को 15 रुपये देना होगा। रात के भोजन की थाली में पूड़ी/ रोटी, चावल, दाल,आलू मटर टमाटर की सब्जी और सलाद 70 रुपये में मिलेगा। मतदान कार्मिकों को अपने ड्यूटी भत्ता में से इसका नगद भुगतान करना होगा। वहीं मतदान के दिन 19 अप्रैल को सुबह छह बजे चाय मिलेगी। इसके दस रुपये चुकाने पड़ेंगे। सात बजे नाश्ता जिसमें चाय व पूड़ी सब्जी दी जाएगी। इसके एवज में कार्मिकों को 30 रुपये खर्च करने होंगे। दोपहर में एक बजे खाने की थाली मिलेगी जिसमें पूड़ी/ रोटी, चावल, दाल,आलू-मटर-टमाटर की सब्जी और सलाद 70 रुपये में मिलेगा। 3 बजे चाय और शाम पांच बजे नाश्ते में चाय व बिस्किट दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि मतदान कार्मिकों की मांग पर भोजन व नाश्ता रसोइयों के माध्यम से दिया जाएगा। इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी खंड शिक्षाधिकारियों को आदेश दिए गए हैं। इसमें कोई लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया है।

# लोकतंत्र के महापर्व की तैयारी पूरी, फर्ज निभाने ईवीएम लेकर बूथों के लिए रवाना हुए मतदान कर्मी



मुरादाबाद-मुरादाबाद लोकसभा सीट पर शुक्रवार को 25,45,921 मतदाता ईवीएम का बटन दबाकर अपना सांसद चुनने के लिए 1145 बूथों पर मतदान करेंगे। गुरुवार को बुद्धि विहार के मैदान से पोलिंग पार्टियों की रवानगी हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम लेकर मतदान कार्मिक बूथों के लिए जा रहे हैं। तपती धूप में पंडाल में पसीने से तर बतर कार्मिकों ने अपने संबंधित काउंटर पर से मतदान सामग्री और ईवीएम व वीवीपैट हासिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव सहित अन्य अधिकारियों ने पोलिंग पार्टियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता से मतदान कराने, किसी के प्रलोभन में न आकर अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य का ईमानदारी, निष्ठा से निभाने का संकल्प दिलाया। कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी जिम्मेदारी निभानी है। इसमें कोई लापरवाही व गलती नहीं होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार मतदान कराना है। मतदान के बाद मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा कराने के बाद ही कर्मचारी वापस लौटेंगे। अगर बात करें मुरादाबाद लोक सभा सीट की तो यहां पर 19 अप्रैल को 1145 बूथों पर मतदान कराया जाएगा। जिसमें से 921 बूथों पर वेब कास्टिंग कराई जाएगी। इसके लिए सभी प्रबंध किए जा रहे हैं। 25,45,921 मतदाता वोट डालेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 12,98,304 , महिला 11,47,512 और अन्य मतदाता 95 हैं। मतदान की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए प्रेक्षकों के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह भी बूथों पर पहुंचकर कमियों को दूर करने का निर्देश दे रहे हैं। बूथों पर दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए सहूलियतें दी जाएंगी। वहीं अति बुजुर्ग व अति दिव्यांगों का वोट उनके घर पहुंचकर मतदान कार्मिकों ने कराया है।मुरादाबाद सीट पर ये प्रत्याशी हैं मैदान में मुरादाबाद लोकसभा सीट से 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, सपा की रुचि वीरा, बसपा के मोहम्मद इरफान सैफी के अलावा अपना हक पार्टी के अजय यादव, भारतीय बहुजन समता पार्टी के ओंकार सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी के गंगाराम शर्मा, समता पार्टी के शकील अहमद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हरकिशोर के अलावा निर्दलीय अमरजीत सिंह, मोहम्मद जमशेद, मुशर्रत हुसैन, साधना सिंह शामिल हैं। 1057 वाहनों का किया गया है प्रबंध सम्भल दोनों लोक सभा क्षेत्रों के लिए वाहन व्यवस्था की जिम्मेदारी है।

# भावनात्मक कमी या अकेलापन



आतिश मुरादाबादी

हर तरफ़ एक ख़ामोशी का मंज़र नज़र आता है। आधुनिक समाज में लोगों ने आपस में बातचीत करना लगभग बंद कर दिया है। सिर्फ सोशल मीडिया के सहारे अपना समय व्यतीत कर रहे हैं, जिससे हमारे समाज में अकेलापन और खालीपन जैसी समस्या उत्पन्न हो रही है। इस समस्या से हर व्यक्ति पीड़ित है । लेकिन इस समस्या को दूर करने की ओर किसी का ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है। जीवन जीने की जिस शैली से हमारे पूर्वज भली भांति परिचित थे। या तो हमने वह शैली सीखी ही नहीं या फिर उसको हम जानबूझकर भूल जाना चाहते हैं। जबकि यह शैली ही हमारे जीवन का मूल आधार है। जिसके मध्यम से हम विचारों का आदान-प्रदान करते हैं एवं किसी विषय पर विचार विमर्श करते हैं। जिसको हम वार्ता शैली कहते हैं। जब हमारी किसी से यकायक मुलाकात होती है तो हम उसका अभिवादन कर संक्षिप्त अल्फाजों में अपनी बात समाप्त करके आगे बढ़ जाते हैं या कुछ कहते भी हैं तो सिर्फ इतना की जब वक्त मिले तो घर पर आइएगा बैठकर बातचीत करते हैं और वह व्यक्ति भी यह कहकर निकल जाता है कि समय निकालकर घर आता हूँ और हमारी बात यहीं पर समाप्त हो जाती है । जबकि गुज़रे ज़माने में जब कोई व्यक्ति किसी अपने पुराने मित्र या रिश्तेदार से अचानक मिलता था तो उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहता था और वह उसके साथ बैठकर घण्टों बातें करता था । उसका और उसके परिवार की कुशलता की जानकारी लेता था और अपने परिवार, रिश्तेदार, नातेदारों एवं मित्रों की कुशलता की जानकारी उसको देता था। लेकिन वर्तमान समय में व्यक्ति सिर्फ अपने में ही कहीं गुम है और अपना स्वार्थ सिद्ध करने में लगा है। सामाजिक मुद्दों पर विचार करना कोई ज़रूरी नहीं समझता जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए । आधुनिक समाज में व्यक्ति का बौद्धिक स्तर तो ऊंचा हुआ है लेकिन सामाजिक स्तर गिरता जा रहा है। आदमी बड़ी-बड़ी उपाधियां हासिल कर रहा है। मगर अपनी भावनात्मक, विचारात्मक समझ को खोता रहा है और मानसिकता संकीर्ण होती नज़र आती है। मानव समाज के लिए यह घातक समस्या है । खेदजनक है कि कोई सामाजिक संस्था/ शिक्षण संस्थान इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि हमारे आधुनिक समाज को इसकी बहुत आवश्यकता है। माता-पिता एवं समाज के हर एक व्यक्ति का यह दायित्व और कर्तव्य है कि बच्चों को समाज में रहन-सहन को उत्कृष्ट बनाने के साथ-साथ उनमें भावनात्मक और विचारात्मक मूल्यों को भी उच्चतम श्रेणी तक पहुँचाएँ । जिससे उनकी जिंदगी आसान और आनन्द पूर्ण हो सके और उन्हें जीवन में कभी अकेलेपन और खालीपन जैसी घातक समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

# अंतिम छोर पर सायन वोर्ड के पास से जावेद गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद -श्रीमान पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद श्री आशुतोष शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी मुरादाबाद के नेतृत्व में आज दिनांक 18.04.2024 मैं बच्चों का दोस्त हूँ, औ को एक नफर अभियुक्त जावेद स/ह शब्बन कुरैशी पीरगढ थाना कोतवाली नगर अमरोहा जिला अमरोहा उम्र करीब 32 वर्ष को प्लेट फार्म न0 6/7 पर बरेली दिशा की ओर अंतिम छोर पर सायन वोर्ड के पास बनी सीमेंट वाली सीट रेलवे स्टेशन मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# SST टीम ने पुलिस के साथ चेकिंग में स्कूटी सवार से बरामद किए 5 लाख 50 हजार रुपए, लेखा-जोखा न देने पर जब्त

मुरादाबाद-लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद की सीमाओं समेत शहर के कई इलाकों में पुलिस चेकिंग अभियान चला रही



है। थाना मुगलपुरा इलाके की जामा मस्जिद से ताजपुर को जाने वाले पुल पर तैनात एसएसटी - 2 की टीम आने जाने वाले दो पहिया वा चार पहिया वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी देर शाम करीब 8 बजे ताजपुर की तरफ से जामा मस्जिद की आ रही स्कूटी को एसएसटी वा वहां तैनात पुलिस टीम ने रोका और तलाशी ली। स्कूटी चेकिंग के दौरान उसमे 5 लाख 50 हजार रुपए बरामद हुए। पूछताछ में एसएसटी टीम को वाहन स्वामी राहत अली लेखा- जोखा नही दे पाए और न ही कोई संतुष्ट जवाब दिया गया। जिसके बाद एसएसटी टीम के साथ ही पुलिस टीम ने उच्च अधिकारीयों को जानकारी दी और इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से बरामद 5 लाख पचास हजार रूपए जब्त कर लिए। वाहन स्वामी के साथ भोजपुर घासमंडी निवासी मोहम्मद बुरहान भी उनके साथ थे जो वाहन स्वामी राहत अली के मित्र थे।

मिली जानकारी के मुताबिक चेकिंग अभियान के वक्त एसएसटी प्रभारी मोहम्मद फराज खान और स्टेटिक मजिस्ट्रेट कविंद्र सिंह व सुनील कुमार और दरोगा राजीव कुमार खुद मौजूद थे। तभी जामा मस्जिद पुल के पास बने बैरियर पर चेकिंग के दौरान टीम ने ताजपुर की ओर से जामा मस्जिद की तरफ आ रही इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी को रोका और उसकी तलाशी ली। स्कूटी में 5 लाख 50 हज़ार रुपये बरामद हुए। सभी नोट 500 के पाए गए हैं। इस धनराशि के संबंध में अधिकारियों के पूछने पर स्कूटी सवार ने कोई संतोषजनक जवान नहीं दिया। जिसके बाद स्कूटी से बरामद 5 लाख 50 हजार रूपए जब्त कर थाना मुगलपुरा के मालखाने में रखवा दिए गए हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सिपाही भर्ती : संदीप के नाम से परीक्षा देने वाले जितेंद्र को हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत, बनवाया था फर्जी आधार

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संदीप के नाम का आधार कार्ड बनवा कर सिपाही परीक्षा में बैठे जितेंद्र जुरैल की जमानत अर्जी खारिज कर दी। सिपाही भर्ती परीक्षा ने सेंधमारी करने के आरोपी ने खुद का घरेलू नाम संदीप बताते हुए जमानत पर रिहा करने की मांग की थी। हालांकि, अपने दावे के समर्थन में वह अदालत ने कोई ठोस सबूत पेश नही कर सका। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत में हुई। मामला आगरा जिले के एतमौद्दौला थाना क्षेत्र के श्री पीडी जैन इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती की द्वितीय पाली में हुई परीक्षा का है। 18 फरवरी 2024 को दूसरी पाली में चल रही परीक्षा के दौरान किसी महिला ने बायोमैट्रिक प्रभारी संदीप चंद्र को आरोपी द्वारा दूसरे के नाम पर परीक्षा दिए जाने की सूचना दी थी। मामला आगरा जिले के एतमौद्दौला थाना क्षेत्र के श्री पीडी जैन इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती की द्वितीय पाली में हुई परीक्षा का है। 18 फरवरी 2024 को दूसरी पाली में चल रही परीक्षा के दौरान किसी महिला ने बायोमैट्रिक प्रभारी संदीप चंद्र को आरोपी द्वारा दूसरे के नाम पर परीक्षा दिए जाने की सूचना दी थी। इस सूचना पर हरकत में आए परीक्षा केंद्र व्यवथापक और पुलिस महकमे से जुड़े अधिकारियों ने आरोपी की पुनः बायोमैट्रिक जांच कराई। इस जांच में पाया गया कि आरोपी ने आधार कार्ड में अपने नाम के स्थान पर संदीप का नाम दर्ज करवा रखा था। इसी आधार पर वह परीक्षा में शामिल हुआ था। केंद्र व्यवस्थापक राहुल जैन की तहरीर पर परीक्षा में सेंधमारी के आरोपी जितेंद्र जुरैल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और उसे जेल भेज दिया गया था। आरोपी की जमानत जिला जज आगरा की अदालत ने खारिज कर दिया था, जिसके बाद उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।आगरा जिले के खंदौली थाना क्षेत्र के पैलखेड़ा गांव निवासी जितेंद्र जुरैल के अधिवक्ता देवेंद्र कुमार मिश्रा ने दलील दी कि आरोपी का घरेलू नाम संदीप है। इसी नाम से वह सिपाही भर्ती की परीक्षा में शामिल हुआ था। जबकि राज्य सरकार के अपर शासकीय अधिवक्ता सुरेश बहादुर सिंह ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता में सेंधमारी न सिर्फ गंभीर अपराधिक कृत्य है बल्कि आम छात्रों के भविष्य के साथ भी अन्याय है। इसलिए आरोपी जमानत का हकदार नही है। अदालत ने आरोपी की ओर से किए गए दावों के समर्थन में ठोस सुबूतो के अभाव में जमानत याचिका खारिज कर दी।

# जैन मुनि अजितचंद्र सागर बनाएंगे नया विश्व रिकॉर्ड, योग और साधना की शक्ति देखेगी दुनिया

1000 लोगों की बातें सुनकर उसे याद करके उसी क्रम में उन बातों को दोहराएंगे जैन धर्म के संत डॉ. अजीतचंद्र सागर महाराज। बनाएंगे नया विश्व रिकॉर्ड जैन धर्म के संत डॉ. अजीतचंद्र सागर महाराज एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहे हैं। 1 मई को वे वर्ली में इसके लिए एक




कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, जिसमें वे पूरे विश्व में अपनी स्मरण शक्ति का लोहा मनवाने की तैयारी में हैं।1 अप्रैल 2024 को मुंबई के वर्ली एनएससीआई में हजारों लोगों की उपस्थिति में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। यह विश्व रिकॉर्ड इंसान के दिमाग की असीम क्षमताओं को दिखाने के लिए होगा। यह रिकॉर्ड जैन धर्म के मुनि संत डॉ. अजीतचंद्र सागर महाराज द्वारा बनाया जाएगा। वे 1000 अवधान यानि 1000 लोगों की बातें सुनकर उसे याद करके उसी क्रम में उन बातों को दोहराएंगे, वह भी पूरी जनता के सामने। यह किसी आम इंसान के लिए आसान नहीं है। इसके लिए उन्होंने कई सालों की साधना की है। इस कार्यक्रम में न्यूरोलॉजिस्ट, डॉक्टर, वैज्ञानिक और कई लोग मौजूद रहेंगे। इससे पहले डॉ. अजितचंद्र सागर महाराज शतावधान ( 100 चीजें याद रखना ), महाशतावधान ( 200 चीजें याद करना ), और 500 अवधान ( 500 चीजें याद करना ) का कौशल प्रदर्शित कर चुके हैं। अब वे सहस्त्रावधान का रिकॉर्ड कायम करेंगे। इस दौरान उनके सामने कई चुनौतियां होंगी। गणित और विज्ञान के मुश्किल सवाल-जवाब, उद्धरणों और कविताओं सहित विभिन्न प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे। इनका डॉ. अजीतचंद्र सागर महाराज उत्तर देंगे।इसके अलावा उनके आसपास 15 प्रक्रियाएं एक साथ घटित होंगी। इन प्रक्रियाओं में घंटी बजाने, पहेलियाँ प्रस्तुत करने, चित्र प्रदर्शित करने और कटोरे के बीच माला के मणको को स्थानांतरित करने से लेकर गणित के प्रश्न प्रस्तुत करना शामिल होगा। मुनिश्री असाधारण फोकस और संज्ञानात्मक कौशल का प्रदर्शन कर इन सभी गतिविधियों का एक साथ कुशलतापूर्वक प्रबंधन करेंगे।

# धार्मिक पोशाक विवाद मामले में पुलिस ने की कार्रवाई, हेडमास्टर और स्कूल प्रतिनिधि के खिलाफ केस दर्ज

हैदराबाद से करीब 250 किलोमीटर दूर कन्नेपल्ली गांव में %धार्मिक पोशाक% पहनकर स्कूल आने वाली छात्राओं पर कथित तौर पर आपत्ति जताने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। मंचेरियल जिला पुलिस ने इस मामले में एक स्कूल प्रतिनिधि और प्रधानाचार्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दांदेपल्ली पुलिस के अनुसार, छात्रों के माता-पिता की शिकायत के आधार पर मंगलवार को स्कूल के अधिकारियों के खिलाफ धारा 153 ( ए ) ( धर्म या जाति के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना ) और 295 ( ए ) ( धार्मिक भावनाओं का अपमान ) के तहत मामला दर्ज किया गया। दांदेपल्ली पुलिस के अनुसार, छात्रों के माता-पिता की शिकायत के आधार पर मंगलवार को स्कूल के अधिकारियों के खिलाफ धारा 153 ( ए ) ( धर्म या जाति के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना ) और 295 ( ए ) ( धार्मिक भावनाओं का अपमान ) के तहत मामला दर्ज किया गया। ब्लेस्ड मदर टेरेसा हाई स्कूल प्रबंधन ने बुधवार को को बताया कि दो दिन पहले, प्रिंसिपल ने छात्राओं को अपने माता-पिता को लाने के लिए कहा था, क्योंकि वे यूनिफॉर्म की बजाय भगवा पोशाक पहनकर स्कूल पहुंची थीं।खबरो के अनुसार बाद में लोगों के एक समूह ने स्कूल प्रबंधन से माफी की मांग की और कुछ नाराज प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को स्कूल की खिड़कियों को कथित तौर पर तोड़ दिया। इस मामले में प्रदर्शनकारियों ने स्कूल प्रतिनिधि से भी कथित तौर पर माफी मांगने को कहा।

# आईटीसीएम और आईटीआर मिसाइल का उड़ान परीक्षण सफल, ओडिशा के चांदीपुर से हुई लॉन्चिंग, सुखोई से रखी गई नजर



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षा डीआरडीओ के लिए एक मील का पत्थर है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ ) ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल ( आईटीसीएम ) और एकीकृत परीक्षण रेंज ( आईटीआर ) मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इनकी लॉन्चिंग ओडिशा के तटीय क्षेत्र चांदीपुर से की गई। भारतीय वायुसेना ने भी की मदद- रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार, परीक्षण के दौरान सभी सिस्टम से अपेक्षा के अनुसार प्रदर्शन किया।

